American Cancer Society®

आपका लैब टेस्ट

आपको कैंसर होने पर लैब टेस्ट की जरूरत होती है। ये परीक्षण आमतौर पर आपकी बांह की नस में से थोड़ी मात्रा में रक्त लेकर किया जाता है। अन्य परीक्षण बायोप्सी के दौरान निकाले गए कैंसर कोशिकाओं पर किए जाते हैं। लैब परीक्षण आपको और आपकी कैंसर टीम को आपके कैंसर के बारे में अधिक जानने में मदद करने, यह पता लगाते हैं कि कौन सा उपचार विकल्प सबसे अच्छा है, और आपका शरीर उपचार के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है यह देखने, के लिए जानकारी प्रदान करते हैं। लैब परीक्षणों का उपयोग अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है और कुछ दुष्प्रभावों को रोकने में मदद कर सकता है। सबसे सामान्य प्रकार के लैब परीक्षण और वे आपकी कैंसर देखभाल टीम को आपके स्वास्थ्य के बारे में क्या बता सकते हैं, वह यहाँ दिया गया है।

पूर्ण रक्त गणना (CBC)

सबसे आम लैब परीक्षणों में से एक पूर्ण रक्त गणना, या CBC है। CBC रक्त में 3 प्रकार की कोशिकाओं का मापन करता है: लाल रक्त कोशिकाएं, सफेद रक्त कोशिकाएं और प्लेटलेट्स। प्रत्येक कोशिका प्रकार का एक विशेष कार्य होता है। आपके कैंसर के प्रकार, आपको कौन सा उपचार मिल रहा है, और आपका शरीर उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया दे रहा है, उसके आधार पर, आपकी रक्त कोशिकाओं की संख्या ऊपर या नीचे जा सकती है। कभी-कभी वे बहुत अधिक या बहुत कम हो सकते हैं।

- लाल रक्त कोशिकाएं (RBC) फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के बाकी हिस्सों में ले जाती हैं। लाल रक्त कोशिकाओं को अक्सर हीमोग्लोबिन (HGB) और हेमटोक्रिट (HCT) के प्रमाण का उपयोग करके नापा जाता है। जब इनमें से कोई भी बहुत कम हो जाता है, तो व्यक्ति को एनीमिया होना कहा जाता है। यह आपको बहुत थका हुआ या कमजोर महसूस करवा सकता है, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है, या चक्कर आना या हल्कापन महसूस हो सकता है।

- सफेद रक्त कोशिकाएं (WBC) शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। सफेद रक्त कोशिकाएं कई प्रकार की होती हैं, और प्रत्येक एक विशेष तरीके से काम करती हैं। संक्रमण से लड़ने के लिए न्यूट्रोफिल सफेद रक्त कोशिका का सबसे महत्वपूर्ण प्रकार है। यदि आपकी न्यूट्रोफिल संख्या अधिक है, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि आपको संक्रमण है। लेकिन जब आप कुछ प्रकार के कैंसर का इलाज करवा रहे होते हैं, तो आपकी न्यूट्रोफिल की संख्या कम हो सकती है। उपचार के दौरान चिकित्सक जिस संख्या को देखते हैं उसे आपका पूर्ण न्यूट्रोफिल गिनती (ANC) कहा जाता है। जब आपका ANC कम होता है, तो आपको संक्रमण होने की संभावना अधिक होती है।

- प्लेटलेट्स (plts) आपके रक्त को ज़माने में मदद करते हैं और रक्तस्राव को रोकते हैं। जब आपकी प्लेटलेट गणना कम होती है, तो आपको आसानी से रक्तस्राव हो सकता है या खरोंच लग सकती है, और जब आपको रक्तस्राव होता हैं, तो उसे रोकने में अधिक समय लग सकता है।

केमिस्ट्री पैनल

केमिस्ट्री पैनल आपके यकृत (लीवर) और गुर्दे (किडनी) जैसे अंग कैसे काम कर रहे हैं, यह जांचने के लिए आपके रक्त के कुछ पदार्थों के लिए एक लैब परीक्षण है। यह आपके रक्त में इलेक्ट्रोलाइट्स, जैसे की सोडियम, पोटेशियम और कैल्शियम, का भी मापन करता है। कभी-कभी कैंसर और कैंसर के उपचार के कारण केमिस्ट्री परीक्षण बहुत अधिक या बहुत कम हो सकते हैं।

बायोमार्कर (ट्यूमर मार्कर और मोलेकुलर परीक्षण)

कुछ प्रकार की कैंसर कोशिकाएं रसायन या प्रोटीन बनाती हैं जो डॉक्टरों को कैंसर का निदान करने, कैंसर का इलाज कैसे किया जाए वह जानने, या आपका शरीर उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया दे रहा है वह देखने, में मदद कर सकते हैं। इन्हें कभी-कभी बायोमार्कर, ट्यूमर मार्कर या मोलेकुलर परीक्षण कहा जाता है। इनमें से कुछ परीक्षणों का मापन रक्त लेकर किया जा सकता है, और कुछ का मापन मूत्र या शरीर के ऊतकों का परीक्षण करके किया जाता है।

ट्यूमर मार्कर कैंसर का पता लगाने में या आप उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं वह जांचने में मदद कर सकते हैं। कभी-कभी ट्यूमर मार्कर का प्रमाण विभिन्न कारणों से कम या अधिक हो सकता है।

मोलेकुलर परीक्षण कैंसर कोशिकाओं में जीन या प्रोटीन परिवर्तन खोजने में मदद करते हैं। उपचार संबंधी निर्णय लेने से पहले कुछ प्रकार के कैंसर का इन परिवर्तनों के लिए परीक्षण करना महत्वपूर्ण है। आपके ट्यूमर में ऐसे कुछ बदलाव हैं या नहीं यह जानकर, कौन सा उपचार आपके लिए सबसे अच्छा हो सकता है, यह जानने में आपके चिकित्सक को मदद मिल सकती है। जीन या प्रोटीन परिवर्तनों के लिए आपके कैंसर प्रकार का परीक्षण किया जाना चाहिए या नहीं यह देखने के लिए अपनी कैंसर देखभाल टीम से संपर्क करें।

क्या सामान्य है?

लैब परीक्षणों की सामान्य सीमा प्रत्येक लैब में थोड़ी भिन्न हो सकती है। क्या सामान्य माना जाता है वह कैंसर के प्रकार और आपको मिलने वाले उपचार पर भी निर्भर हो सकता है। आपके लैब मूल्य आपके लिए क्या मायने रखते हैं यह जानने के लिए अपनी कैंसर देखभाल टीम से इस बारे में बात करें। आपकी कैंसर देखभाल टीम आपको बताएगी कि क्या लैब परीक्षण बहुत अधिक या बहुत कम है, और आपके रक्त के प्रमाणों को सामान्य करने के लिए क्या किया जा सकता है।

प्रत्येक परीक्षण के लिए सामान्य श्रेणी आमतौर पर आपकी लैब रिपोर्ट पर आपके परीक्षण परिणाम के बगल में लिखी जाती है। कुछ लोगों को यह मददगार लगता है कि उनकी कैंसर देखभाल टीम का कोई सदस्य उनके परीक्षण परिणामों को उनके साथ बैठ कर देंखे।

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345**पर कॉल करें या हमें **cancer.org** पर ऑनलाइन मिलें। जब आपको हमारी जरूरत है तब हम यहां हैं।

HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
नं. 004506 – संशोधन 11/21

BBB. ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity